तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

16 ग्रामीणों को मिला कंबल, बर्तन कृषि उपकरण व अन्य सामान



18 टीम भावना के साथ करें बेहतर प्रदर्शन : कमिश्नर





### भाजपा के 30 पार्षद, महापौर, 2 निर्दलीय ने किया वोट, एक कांग्रेस पार्षद ने किया क्रॉस वोट

## नगर निगम के अध्यक्ष बने खेमसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- चुनाव में भारी मतों से निर्वचित हुए
- कलेक्टर कार्यालय में हुआ मतदान

निगम अध्यक्ष (स्पीकर) और अपील समिति का निर्वाचन प्रक्रिया कलेक्टर हरीश एस. की उपस्थिति में शुक्रवार को 11 बजे जिला कार्यालय हुई। जिसमें अध्यक्ष (स्पीकर) और अपील समिति का निर्वाचन कार्यक्रम किया गया।

अध्यक्ष पद के लिए पार्षद खेमसिंह देवांगन बीजेपी और राजेश चौधरी कांग्रेस के मध्य मतदान हुआ। जिसमें खेमसिंह को 34 और राजेश चौधरी को 15 वोट मिले। 48 पार्षद वाली जगदलपुर नगर निगम में भाजपा के 30 पार्षद, कांग्रेस के 16 और 2 निर्दलीय पार्षद सम्मलित थे। जिसमें भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी खेमसिंग को भाजपा के सभी 30 पार्षदों, महापौर संजय पांडे और 2 निर्दलीय पार्षदों में कुबेरनाथ देवांगन व माया नायक के अलावा एक कांग्रेसी पार्षद के क्रॉस वोट से कुल 34 वोट मिला। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश चौधरी को कांग्रेस के 16 वोट में 15 वोट से सन्तुष्ट करना पड़ा। इस तरह भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी खेमसिंग देवांगन 34 मतों से निर्वचित घोषित किए गए। ततपश्चात अपील समिति के लिए चार आवेदन प्राप्त हुए जिसमें चारों को निर्विरोध समिति का सदस्य बनाया गया इसमें पार्षद दिलीप दास, आशा साहू, गायत्री बघेल और अब्दुल रशीद सम्मलित है। जैसे ही चुनाव ⏭ शेष पेज 14 पर



### स्वच्छ, सुंदर और विकसित जगदलपुर बनाएंगे : महापौर

महापौर संजय पांडे ने मीडिया से चर्चा करते कहा भाजपा प्रत्याशी खेमसिंग देवांगन निगम अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। हमारे 30 पार्षदों के अलावा दो निर्दलीय पार्षदों ने भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट दिया। और तो और कांग्रेस पार्षद का भी हमे समर्थन मिला। पहली बार निगम स्पीकर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से निर्वचित हुए है। महापौर पांडे ने कांग्रेस पर चुटकी लेते कहा जो कांग्रेस एकता का दम्भ भरती है,मैं उन्हें कहना चाहता हूं,केवल प्रेसवार्ता लेने से काम नहीं चलेगा। पार्टी के भीतर भी झांक कर देखे क्या कुछ कहां गड़बड़ हुई। महापौर ने कहा दो निर्दलीय पार्षद हमारे बागी ही थे, आज भी विचारधारा पार्टी के प्रति है।लेकिन वे पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ पार्षद चुनाव लड़े थे। दोनों निर्दलीय पार्षद कुबेरनाथ देवांगन और माया नायक को पार्टी में वापस लेना या नहीं लेना यह पार्टी संगठन नेतृत्व तय करेगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 60 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ



**बकावंड।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बकावंड में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत सदस्य सरिता पाणिग्रही व बनवासी मौर्य, ग्राम बकावंड संरपच डमरू मौर्य, राजनगर संरपच धनमती भारती की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह धार्मिक रीति रिवाजों के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ। नवदंपत्तियों ने कहा कि इस योजना ने उन्हें कर्ज के बोझ से बचाया और हंसी-खुशी



वैवाहिक जीवन की शुरुआत का अवसर दिया है। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दहेजमुक्त समाज और सादगीपूर्ण विवाह का संदेश दिया। गरीब परिवारों के लिए यह योजना उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

- दो नक्सलियों पर था चार लाख का इनाम

नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर एक महिला सहित पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से दो पुरूष नक्सलियों पर दो-दो लाख का इनाम था घोषित है। नक्सलियों को आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 223 वाहिनी सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही। आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय माड़वी नंदा पिता भीमा पेद्दाबोड़केल आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष ईनामी दो लाख निवासी करंगढ सरपंचपारा करकनगुड़ा थाना चिंतलनार मड़कम माड़ा पिता स्व. नंदा पेद्दाबोड़केल आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष ईनामी दो लाख उम्र लगभग 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी करकनगुड़ा सरपंचपारा थाना चिंतलनार महिला कवासी पाले पति स्व. पोज्जा ग्राम करकनगुड़ा केएमएस अध्यक्ष उम्र लगभग 44 वर्ष जाति मुरिया निवासी करकनगुड़ा थाना चिंतलनार मड़कम दषरू पिता हिड़मा पेद्दाबोड़केल आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष उम्र लगभग 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी भीमापुरम थाना चिंतलनार मड़कम नंदा पिता स्व. हड़मा ग्राम करकनगुड़ा मिलिषिया सदस्य उम्र लगभग 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी करकनगुड़ सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सुकमा में समर्पण किया। सुखविन्द्र सिंह सहायक कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ,सहिल छिकारा, सहायक कमाण्डेन्ट 203 कोबरा वाहिनी एवं निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल जिला सुकमा के समक्ष पांचों ने बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है।

## किसान की बेटी ने कुश्ती और दौड़ में किया कमाल



सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

19 साल की आदिवासी बाला कुश्ती और दौड़ में कमाल कर रही है। केवल 12 साल की उम्र से वह मैदान में कई घंटे पसीना बहाकर खेल में नाम रौशन करने की शुरुवात की थी। शुरू में वह कुश्ती में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मैडल पा चुकी है। गरीब किसान परिवार की बेटी वेदवती कश्यप अपने जूनून और हौसले के दम पर निरंतर आगे बढ़ रही है। अब जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर के ट्रेक में 100 और 200 मीटर दौड़ में फोकस किया है। यहां उसे दौड़ने के लिए सर्वसुविधा युक्त ट्रेक मिलने से वह अपने सपने और उड़ान को पूरा करने में जी जान से जुटी है।

हरिभूमि से चर्चा में वेदवती ने कहा कि जब छठवीं क्लास में पढ़ रही थी उसी समय से खिलाड़ी बनने का जुनून पैदा हुआ। शुरुआत में कुश्ती में धमतरी में राज्य स्तरीय के बाद नेशनल खेलने भुवनेश्वर और जोधपुर जाने का अवसर मिला। जोधपुर में तीसरा स्थान पाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। गोवा में नेशनल खेलने का अवसर मिला लेकिन कोरोना के कारण शामिल नहीं हो पायी अब कालेज की पढ़ाई के साथ क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में एथलेटिक्स में पूरा ध्यान लगा रही हूँ। मेरा सपना है देश के लिए खेलना और खेल में ही कैरियर बनाना चाहती हूँ। पुलिस की नौकरी में जाने की मेरी इच्छा है वहां भी खेल पर ही मेरा पूरा ध्यान रहेगा। कोच बनकर बस्तर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना लक्ष्य है।



### माता- पिता करते हैं साग- सब्जी की खेती

बस्तर ब्लॉक मुख्यालय से 12 किमी दूर ग्राम पिपलावण्ड की रहने वाली वेदवती के पिता शिबोराम और माँ बिजो बाई साग सब्जी की खेती करते है। परिवार में वेदवती समेत अन्य भाई बहनों को भी पढ़ाई के साथ साथ खेलने की पूरी छूट है। दो छोटी बहन सुकरी फुटबॉल में और बुदन्ती 400 मीटर दौड़ और बड़ा भाई कुश्ती खेलकर वो भी अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहें हैं।



## खबर संक्षेप

### हीरासिंह बने जिला पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष

केशकाल/विश्रामपुरी।



बड़ेराजपुर ब्लॉक के सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष मांडोकी खरगांव में पिछले 15 वर्षों से सरपंच का दायित्व निभा चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 3 से हीरासिंह नेताम ने निर्दलीय चुनाव लड़कर भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के प्रत्याशियों को पछाड़ा था। कोंडागांव जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में हीरा सिंह नेताम को कोंडागांव जिला पंचायत का उपाध्यक्ष चुना गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने के बाद बड़े राजपुर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने आतिशबाजी एवं मिठाइयां बांटी।

### सपोर्ट पर्सन के लिए साक्षात्कार 10 मार्च को

**कोण्डागांव।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 एवं नियम 2020 की धारा – 39 के अधीन जिलों में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट तैयार किया जाना है। सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट के लिए प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी उपरांत जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। समिति द्वारा प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का 10 मार्च को स्थान प्रबंध कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण जिला कोण्डागांव में समय प्रातः 9.30 बजे से व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया जाएगा। दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाइट में उपलब्ध है।

# खेल मैदान को बनाया जा रहा धान संग्रहण केंद्र, ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जुगानीकलार में रोड किनारे स्थित खेल मैदान को धान संग्रहण केंद्र बनाया जा रहा है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे है। जिसके लिए कलेक्टर को आवेदन भी दिया गया है।

जुगानीकलार के ग्रामीणों ने बताया कि तीस साल पूर्व से ग्रामवासियों द्वारा भविष्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम जुगानी कलार में खेल मैदान एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए निर्माण लगभग 10 एकड़ भूमि आरक्षित कर सुरक्षित रखा गया है। उक्त 10 एकड़ में से लगभग 3 एकड़ भूमि में गांव के निरस्तारी सुविधा के लिए तालाब निर्मित है। लगभग 2 एकड़ भूमि में रीपा का निर्माण किया गया है। साथ ही 2 वर्ष पूर्व लगभग 2 एकड़ भूमि में धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। जिसमें लैंप्स धान खरीदी कर धान भंडार किया जाता है। शेष भूमि लगभग 3 एकड़ में से 50 डिसमिल में घोटुल गुड़ी बनाया गया है। बचत भूमि लगभग 2.50 एकड़ में खेल मैदान है। जहां गांव के पहली से लेकर 10 वि तक पढ़ने वाले छात्र छात्रा रोजाना सुबह शाम खेल खेलते हैं। साथ ही इस खेल मैदान में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रशिक्षण केंद्र स्थापित हैं। जिसमें ग्राम जुगानी कलार के बेरोजगार युवक युवती अलावा आस पास गांवों से युवक युवती शारीरिक भाग दौड़ के साथ साथ कई गतिविधियों की तैयारी करते हैं। इसके अलावा कोंडागांव के कई गांवों के बेरोजगार युवक मैदान में निर्मित घोटुल गुड़ी में स्थाई रूप से निवास कर परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी बेरोजगार युवक युवतियों को सेवा निवृत्त अधिकारी सुबेदार कर्मचारियों के द्वारा रोजाना शारीरिक एवं लिखित प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो कि विगत 3 वर्षों से चला आ रहा है। साथ ही इस खेल मैदान ब्लॉक और जिला स्तरीय विभिन्न खेल खुद, शिविर, विभिन्न समाज का सामाजिक कार्य होता रहा है।

**मैदान में विभिन्न समाज के सामाजिक और पंचायत स्तर के होने वाले कार्यक्रम भी होंगे प्रभावित**



### बेरोजगार युवकों का भविष्य होगा प्रभावित

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर इस खेल मैदान में पूरे जिले का धान भंडारण किया जाता है तो मैदान में खेलने की जगह ही नहीं बचेगा । जिसके कारण परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक युवतियां निःशुल्क प्रशिक्षण से वंचित हो जाएंगे जिसका प्रभाव सीधा बेरोजगार युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। साथ ही विभिन्न समाज के सामाजिक कार्यक्रम और पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में परेशानी होगी। इन सभी को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामीण खेल मैदान में धान रखने हेतु सहमत नहीं है। ग्रामीण की मांग है कि धान संग्रहण केंद्र किसी अन्य जगह बनाया जाए।

## महिलाएं हो रहीं सशक्त, मेहनत और लगन से परिवार को दे रहीं आर्थिक संबल

# बिहान से जुड़कर सफलता की नई कहानी लिख रहीं जिले की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। कोण्डागांव जिले की महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि, पशुपालन, सिलाई, बुनाई, दुकान और अन्य छोटे व्यवसायों से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। जिले की कई महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। आज हम ऐसी ही महिलाओं की प्रेणादायक कहानी साझा कर रहे हैं, जिन्होंने बिहान से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की।

**चंद्रिका मरकाम बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल** – ऐसी ही कहानी माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत ओण्डरी की रहने वाली श्रीमती चंद्रिका मरकाम की है। जिन्होंने वर्ष 2014 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत मां शक्ति स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने आत्मनिर्भर बनने की यात्र शुरू की। उस समय उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, और परिवार पूरी तरह से कृषि पर निर्भर था, जिससे होने वाली आय परिवार के जीवनयापन के लिए पर्याप्त नहीं था। स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। बिहान के तहत मिली वित्तीय सहायता से उन्होंने डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की। धीरे–धीरे व्यवसाय को बढ़ाया जिससे अब उन्हें स्थायी आय प्राप्त हो रही है। आज श्रीमती चंद्रिका मरकाम को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से 2,18,000 रुपये की वार्षिक आय हो रही है। जिसमें डेयरी व्यवसाय और कृषि से प्राप्त आय शामिल है। राज्य शासन की महतारी वंदन योजना की राशि सहित उन्हें महीने में कुल 18,166 रूपए की आमदनी हो रही है। अब उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो चुकी है और वे अपने परिवार की सभी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर पा रही हैं।

**संतोषी ने कपड़ा व्यवसाय से परिवार को दी आर्थिक मजबूती** – ग्राम पंचायत हीरापुर, विकासखंड माकड़ी की रहने वाली संतोषी देवांगन शादी के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। उनके पति की एक छोटी सी दुकान थी, जिससे घर चलाना मुश्किल हो रहा था। पूंजी की कमी के कारण वे कोई नया काम नहीं कर पा रही थीं। वर्ष 2017 में उन्होंने 10 महिलाओं के साथ मिलकर जय मां धरती स्व–सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह की बचत सामुदायिक निवेश कोष एवं बैंक लिंकेज से प्राप्त 8.51 लाख रुपये की सहायता से उन्होंने कपड़े की दुकान शुरू की।

### मुर्गी एवं बटेर पालन से अनिता को मिली एक नई पहचान –

कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के धनोरा गांव की अनिता मंडावी पहले केवल मजदूरी और कृषि पर निर्भर थीं। वर्ष 2018 में उन्होंने जय अम्बे स्व–सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया और वर्ष 2022 में मुर्गी एवं बटेर पालन का कार्य शुरू किया। उन्होंने बैंक एवं सामुदायिक निवेश कोष से 1.50 लाख रुपये की सहायता प्राप्त की और 1 लाख रुपये की लागत से व्यवसाय की शुरुआत की। आज उनकी मासिक आय 20,000 रुपये तक पहुंच गई है, अनिता को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रूपये हर महीने मिल रहा है इसके साथ ही कृषि, मजदूरी भी करती हैं।

### उन्नत खेती से लखपति बनीं दयावती देवांगन –

ग्राम पंचायत बफना की दयावती देवांगन ने कड़ी मेहनत और नई कृषि तकनीकों को अपनाकर आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने आईएफसी क्लस्टर के तहत सब्जी उत्पादन शुरू किया और अब तक 1 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर लखपति दीदी बन गई हैं। दयावती ने अपने एक एकड़ खेत में मिर्ची, बरबटी, प्याज और लौकी की खेती शुरू की। पहले परंपरागत खेती करने के कारण उत्पादन कम था, लेकिन ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने से न केवल उत्पादन में वृद्धि हुई, बल्कि पानी की भी बचत हुई। उन्होंने जैविक खाद का उपयोग कर स्वास्थ्यवर्धक और ताजी सब्जियां उगा रही है।



## मेला स्थल की दुकानों में अनियमितता पर 27 व्यापारियों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कोंडागांव वार्षिक मेला में होटलों एवं खाद्य पदार्थों की स्वच्छता का परीक्षण किए जाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी जांच दल का गठन किया गया है। इस दल द्वारा मेला अवधि में दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज संयुक्त टीम द्वारा मेला स्थल के कई दुकानों में पहुंचकर खाद्य सामग्रियों का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान मेले में दुकानदारों द्वारा विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करना और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग जैसे अनियमितताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई और जुर्माना लगाया गया।

■ मेला अवधि में जांच दल कर रहा दुकानों का लगातार निरीक्षण



कुल 27 दुकानदारों पर 10,700 रुपए का जुर्माना – मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार देवांगन सहित अन्य अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में कुल 27 दुकानदारों पर 10,700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिला प्रशासन ने यह कदम मेले की व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया है।

## जिपं कोंडागांव में रीता शोरी अध्यक्ष और हीरा सिंह नेताम उपाध्यक्ष हुईं निर्वाचित



**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन–2025 के अंतर्गत जिला पंचायत कोंडागांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के सभी 12 निर्वाचित सदस्यों में से अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती चरणतीन राजेश नेताम और श्रीमती रीता शोरी ने नामांकन फॉर्म भरा, जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा किए गए वोट के आधार पर श्रीमती रीता शोरी को 7 और श्रीमती चरणतीन नेताम को 5 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार श्रीमती रीता शोरी को बहुमत के आधार पर जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित मानते हुए उन्हें प्रमाण–पत्र प्रदाय किया गया।

**5 अभ्यर्थियों ने भरा था नामांकन फॉर्म 3 अभ्यर्थियों का फॉर्म मान्य** – इसी प्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन फॉर्म भरा था। जिसमें 3 अभ्यर्थियों का फॉर्म विधि मान्य नहीं पाए गए वहीं रामचरण सोरी और हीरासिंह नेताम का नामांकन विधि मान्य पाया गया। मतदान के उपरांत हीरा सिंह नेताम को 7 और रामचरण सोरी को 5 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार हीरा सिंह नेताम को बहुमत के आधार पर उपाध्यक्ष पद हेतु उन्हें प्रमाण–पत्र दिया गया। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर तथा सहायक पीठासीन अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत बलराम मोरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## एनएमडीसी बालिका शिक्षा सहयोग योजना में बालिकाओं को मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एनएमडीसी द्वारा बस्तर क्षेत्र की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली छात्रओं को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएसआर के अधीन एनएमडीसी बालिका शिक्षा सहयोग योजना प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में वर्ष 2024–25 में भी छात्रओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिका 15 मार्च 2025 तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोण्डागांव एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव में अपना आवेदन जमा कर सकती हैं।

■ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली छात्राओं को मिलेगा सहयोग

**1000 रुपए प्रतिमाह 10 महीने के लिए सहयोग राशि** – इस योजना के अंतर्गत छात्रओं को प्रति माह मिलने वाली राशि में कक्षा नवमीं की छात्रओं को 250 रुपए, कक्षा दसवीं की छात्रओं को 300 रुपए, कक्षा 11वीं की छात्रओं को 350 रुपए, कक्षा 12वीं की छात्रओं को 400 रुपए, तीन वर्षीय डिग्री एवं डिप्लोमा के लिए 500 रुपए, इंजीनियरिंग में डिग्री के लिए 750 रुपए और मेडिसिन में डिग्री के लिए छात्रओं को 1000 रुपए प्रतिमाह 10 महीने के लिए सहयोग राशि दी जाएगी।

**पात्रता एवं शर्तें** – यह योजना केवल बालिकाओं के लिए है। छात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग की हो एवं सभी वर्ग को बीपीएल कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। छात्र बस्तर संभाग के जिले दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर एवं नारायणपुर की मूल निवासी होना चाहिए। पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्र के लिए परिवारिक आय 72 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और आय प्रमाण पत्र 01.01.2024 के बाद का होना चाहिए।

**क्यूटेनियस नोकार्डिया संक्रमण से पीड़ित मरीज का किया सफल उपचार**

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सा की मिसाल दी, डॉ. हिमांशु और डॉ. धनराज ने जीती जंग

**नारायणपुर।** सीमित संसाधनों और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कार्य करने की कठिनाइयों के बावजूद, जिला अस्पताल नारायणपुर के डॉक्टरों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। डॉक्टर हिमांशु सिन्हा और डॉक्टर धनराज सिंह डरसेना के नेतृत्व में एक दुर्लभ क्यूटेनियस नोकार्डिया संक्रमण से पीड़ित मरीज का सफल उपचार किया गया। 14 दिनों के गहन इलाज और समर्पित प्रयासों के बाद मरीज को पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### दुर्लभ संक्रमण और गंभीर लक्षण

यह संक्रमण अत्यंत दुर्लभ होता है जो कि विश्व में ५ से ८ प्रतिशत लोगो में और आमतौर पर कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले मरीजों में पाया जाता है। मरीज को धड़ के क्षेत्र में तीव्र दर्द, पस का रिसाव, बुखार, खुजली और त्वचा के काले पड़ने जैसी गंभीर समस्याओं के कारण भर्ती किया गया था। संक्रमण तेजी से फैल रहा था, जिससे मरीज की स्थिति गंभीर होती जा रही थी।



### सटीक निदान के लिए गहन परीक्षण

चिकित्सकों ने मरीज की स्थिति को देखते हुए तुरंत विस्तृत परीक्षण करने का निर्णय लिया। ब्लड टेस्ट, सोनोग्राफी और पस कल्चर सेंसिटिविटी टेस्ट के माध्यम से संक्रमण की सटीक पहचान की गई जिसमे डा सुधांशु गुप्ता एवं अमाल चंद का अहम योगदान रहा । जांचों के बाद पुष्टि हुई कि मरीज क्यूटेनियस नोकार्डिया संक्रमण से ग्रसित था, जो त्वचा को प्रभावित करने वाला दुर्लभ बैक्टीरियल वायरस संक्रमण है। इस तरह के मामलों में समय पर सही उपचार न मिलने पर संक्रमण गंभीर जटिलताओं का रूप ले सकता है।

### सीमित संसाधनों में चुनौतीपूर्ण उपचार

नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाके में स्थित जिला अस्पताल नारायणपुर में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कमी के बावजूद, डॉक्टरों ने अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता और दृढ़ संकल्प से मरीज के इलाज में सफलता प्राप्त की।
इस इलाज में सबसे बड़ी चुनौती सीमित संसाधनों के साथ सटीक दवाओं का प्रबंधन करना था।
लेकिन डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, सतर्क निगरानी और अत्यधिक धैर्य के चलते मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ और अंततः उसे पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



## खबर संक्षेप

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में 290 विद्यार्थी रहे गैरहाजिर

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में शुक्रवार को दसवीं बोर्ड परीक्षा में गणित विषय के पेपर में 290 विद्यार्थी गैर हाजिर रहें वहीं 105 केन्द्र में हुई परीक्षा में नकल का एक भी प्रकरण नहीं बना है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि कुल दर्ज संख्या 8638 में 8348 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### सरपंच ने बच्चों को कॉपी व पेन का किया वितरित

**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला तेतापारा भोड़िया के पांचवी के बच्चों को विदाई दिया गया, जिसमें पांचवी के सभी बच्चों को नवनिर्वाचित सरपंच मधु तेता के द्वारा कॉपी व पेन दिया गया। इसके उपरांत जसराज रानूलाल बोथरा के द्वारा शाला को दीवार घड़ी दिया गया। समारोह के अवसर पर कुमुद जैन के द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बृजलाल हिड़को, वार्ड पंच गांव के सियान एवं समस्त स्टाफ के उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### शराब पीने की सुविधा देने पर युवक पकड़ाया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत रानवाही निवासी 36 वर्षीय राजकुमार कोला को पुलिस ने अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देता हुए पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दुकान के सामने अवैध रूप से शराब पीने के लिए अन्य लोगो को संसाधनन उपलब्ध कराकर शराब पीला रहा था। छापामार कार्यवाही के दौरान शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी राजकुमार को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से देशी शराब और 2 नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### संभाग में अब तक 3 सौ से अधिक नक्सल स्मारक कर चुके ध्वस्त

# जगंल में चला बुलडोजर, इंटरस्टेट रेड कॉरिडोर में नक्सल स्मारक किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





तेलगांना व छग की सीमा स्थित बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर में नक्सिलयों द्वारा बनाए गए विशाल स्मॉरक को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। जंगल में बने स्मॉरक को बुलडोजर की मदद से तोड़ा गया। जिस जगह नक्सलियों ने स्मारक बनाया था इसे इंटरस्टेट रेड कारीडोर के रूप में जाना जाता है।

- तेलगांना व छग की सीमा से लगे पुजारी कांकेर के तामील भट्टी में बना था विशाल स्मारक

प्रदेश के अंतिम छोर और तेलंगाना से सटे पुजारी कांकेर में नक्सलियों का कई फीट ऊंचे स्मारक को जवानों ने ध्वस्त कर दिया है। सुरक्षाबलों के जवानों ने नक्सलियों के इसी इंटरस्टेट रेड कारीडोर में बने स्मारक को शुक्रवार को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। बीते दिनों इसी इलाके में जवानों ने नक्सलियों से मुठभेड़ में 12 हार्डकोर नक्सली को मार गिराया था। हाल ही में पुजारी कांकेर में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस कैंप भी स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि नक्सल कैलेंडर के मुताबिक नक्सली वर्ष में 6 बार विभिन्न आयोजन करते हैं जिसमें मारे गए साथियों की याद में स्मारक बनाकर उन्हें याद किया जाता है। इस दौरान आस-पास के गावों के सैकड़ों ग्रामीणों को भी आमंत्रित किया जाता है और नक्सलियों की सीएनएन टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी जाती है। इसके पीछे नक्सलियों की मंशा यह होती है कि इलाके के लोगों में संगठन की मजबूती को दिखाएं और नए युवाओं को प्रभावित कर संगठन में शामिल कर सकें।

#### तीन माह पूर्व यहीं 90 फीट ऊंचे नक्सल स्मारक को किया गया था ध्वस्त

गौरतलब है कि दिसंबर 2024 में जवानों ने बड़े नक्सल नेता के 90 फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त किया था। बीते कुछ सालों की बात करें तो बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में बनाए गए 300 से ज्यादा स्मारकों को तोड़ा जा चुका है। नक्सलियों द्वारा विशेष अवसरों पर अपने साथियों की याद में अपने आधार क्षेत्र के गांवों और जंगलों में स्मारक बनाया जाता रहा है। अब फोर्स उनके आधार इलाकों में घुसकर एक ओर जहां मुठभेड़ में नक्सलियों को मार रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनकी यादों को भी समाप्त कर रहे हैं।

## जनपद पंचायत कांकेर की टीम ने मिलकर काम करने की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हो जाने के उपरांत 7 मार्च को प्रथम सम्मिलन हुआ, जिसमें सभी ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जनपद पंचायत कांकेर की टीम उर्जावान है ओर सभी मिलकर क्षेत्र के विकास का काम करेंगे।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को हुआ था। पूर्णिमा ईश्वर कावड़े अध्यक्ष और तारूणी ठाकुर उपाध्यक्ष बनी थी। भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनने पर जीत का जश्न मनाया गया था। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा 14 सदस्यों उमेश साहू, सरस्वती केमरो, पंचूराम नायक, मिथलेश कुमार मंडावी, गंगा बाई शोरी, रोमनाथ जैन, अहिल्या गौतम, लखन मंडावी, अशोक कचलाम, नितेश कुमार सलाम, हेमलता कवाची, गीता गावड़े, राजेश्वरी नेताम को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी यादव ने शपथ दिलाया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बारी बारी से उसके उपरांत सभी सदस्यों ने एक साथ शपथ लिया। शपथ लेने के उपरांत जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि जनपद क्षेत्र के सभी गाँव का विकास मिलकर करेंगे।

## पालिका कांकेर के अध्यक्ष एवं पार्षदों को एसडीएम ने शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




नगरपालिका परिषद कांकेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी 21 वार्ड के पार्षदों को नए बस स्टैण्ड के शेड प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को एसडीएम एवं प्रशासक अरुण कुमार वर्मा के द्वारा पद की शपथ दिलाई।

स्थानीय बस स्टैंड परिसर में स्थित बाजार शेड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक को प्रशासक ने पद की गरिमा और भारत के संविधान की गरिमा अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात सभी 21 वार्डो के पार्षदों को पद की शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री अरूण साव एवं अन्य मंत्री अतिथि के रूप में आने वाले थे, परंतु विधानसभा सत्र के चलते नहीं आ पाएं। उनकी अनुपस्थिति में सांसद भोजराज नाग ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कांकेर नगर का चहुमुखी विकास हो तथा इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर अपना योगदान देने का आव्हान किया। इसके अलावा जिला पंचायत कांकेर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण नरेटी और उपाध्यक्ष तारा ठाकुर आदि मंच पर उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरूण कौशिक ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को एक साथ मिलजुलकर काम करते हुए सहयोग करने की बात कही।

### जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 12 को होगा

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 05 जनपद पंचायतों में 10 मार्च को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि नियत होने के कारण जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन की तिथि में संशोधन करते हुए समय-सारणी जारी किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) द्वारा संशोधित समय-सारणी अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की गई है।

### पेज 11 के शेष

#### नगर निगम के...

परिणाम आया भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित निगम स्पीकर खेमसिंग के पक्ष में कलेक्टरेट में ही नारेबाजी करने लगे। इस दौरान बैंडबाजे और आतिशबाजी की गई। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के समस्त पार्षद महापौर और अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ भाजपाई विद्याशरण तिवारी, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पैदल भाजपा कार्यालय रवाना हो गए। इधर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस पार्षदो का दल कांग्रेस भवन के लिए रवाना हुआ।

**भारी सुरक्षा व्यवस्था :** भाजपा पार्षदों का दल महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से पैदल मॉर्च करते कलेक्टरेट पहुंचा। जहां पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एवं कोतवाली टीआई के नेतृत्व में तीन अन्य निरीक्षक,एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक एवं दो दर्जन महिला एवं पुरुष जवान बाहर तैनात थे। एक-एक पार्षदों की लिस्ट में नाम जांच के बाद भीतर प्रवेश दे रहे थे। यहां तक पार्षदों के मोबाइल फोन भी सभाकक्ष के बाहर रखवा रहे थे।

**ऐसा कोई राज नही जिसका पर्दाफाश नहीं हुआ :** कांग्रेस के एक पार्षद भाजपा प्रत्याशी वोट देने से नाराज शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य ने क्रॉस वोट को स्वीकार किया। हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले सभी 15 पार्षदों ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। जो एक प्रत्याशी बागी रुख अपनाकर पार्टी के विरूद्ध क्रॉस वोट किया, उसे स्वयं को परखना होगा कि वह पार्टी के प्रति कितना निष्ठा रखता है। पत्रकार के एक सवाल का जवाब देते मौर्य ने कहा दुनिया मे ऐसा कोई राज नहीं जिसका पर्दाफाश नहीं हुआ है। आज नहीं तो कल इसका खुलासा होगा। खुलासा होते ही ऐसे पार्षद के खिलाफ संगठन कड़ी कार्रवाई करेगी।



# जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने पद व गोपनीयता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर





■ जनपद पंचायत का हुआ प्रथम सम्मिलन

जनपद पंचायत बस्तर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल एवं उपाध्यक्ष जयवती कश्यप सहित सभी जनपद सदस्यों को एसडीएम एआर राणा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई। शपथ ग्रहण समारोह जनपद पंचायत बस्तर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने सभी से परिचय प्राप्त कर योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष ने कहा कि आज से नए कार्यकाल की शुरुआत हो रही है। सभी जनपद सदस्य अपने क्षेत्र के विकास कार्यों व मूलभूत सुविधा चहुमुखी विकास करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत आवश्यकता एवं सभी पात्र हितग्राहियो को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा ग्रामीण क्षेत्र का सर्वाधिक विकास हो। इस दौरान जनपद सदस्य सूरज कश्यप, गौरव कश्यप, अनिता जोशी, अगरबत्ती पटेल, विनीता ठाकुर, जमुना ठाकुर, अनीता बघेल, मानसिंह कवासी, समली कश्यप, रुक्मणी कश्यप, दुर्गावती मारकंडेय, रामधर दीवान, महंगी कश्यप, बुधराम बघेल, लक्ष्मण मौर्य, ललित बघेल, प्रवीण मौर्य, चईतराम कश्यप, सुखमति कश्यप, हेमराज बघेल, गजेंद्री बघेल, गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित रामानंद मिश्रा, उदबो राम नाग, डॉ. व्हीएस राजपूत, एबीईओ सुशील तिवारी, चंद्रशेखर जैन, दिनेश साहू, अमित कुजूर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र से आए नागरिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## फागुन मेला में हुई नाच मांडनी कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

फागुन मेला तीसरे दिन में नाच मांडनी रस्म का संपादन किया गया। इसमें डोली वापसी के बाद साड़ी से ढकी हुई चांवल एवं चंदन की लकड़ी को दो टोकरी में भण्डारी एवं तुड़पा (सेवादार) लेकर रात्रि 10 बजे मोहरी बाजा की थाप पर बारह लंकवार, पड़िहार, मांझी-चालकी एवं सेवादार मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में जाते है। जहाँ मोहरी बाजा की थाप पर कलार एवं कुम्हार समाज सदस्यों द्वारा मंदिर की आंगन में नृत्य किया जाता है। जिसके बाद उक्त टोकरियों को लेकर मंदिर वापस पहुंचते हैं एवं मंदिर के आंगन में भी पुनः कलार एवं कुम्हार समाज के सदस्यों द्वारा नृत्य किया जाता है। अंत में टोकरी में रखे चावल को बाजा वादकों में वितरण कर आज का कार्यक्रम समापन किया जाता है। इसके साथ ही चौथे दिन लम्हामार कार्यक्रम आयोजित होगी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में यह रैली जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मस्तान पारा, पावारास चौक, राजवाड़ा, विश्वकर्मा मंदिर होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम में संपन्न हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सुकमा के अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे, पार्षद भुनेश्वरी यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, बाल संरक्षण अधिकारी जितेंद्र बघेल, पीपीआईए फेलो सुश्री अर्कजा, पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी रैली में भाग लिया।

रैली का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस दौरान विभिन्न स्लोगनों और पोस्टरों के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और













## खबर संक्षेप

### महिला दिवस मेरे लिए गर्व और उम्मीद का दिन



**जगदलपुर।** शिक्षिका अक्षता विष्णु ने कहा भारतीय नारी होने के नाते, महिला दिवस मेरे लिए गर्व और उम्मीद का दिन है, ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमने कितनी बाधाओं को पार किया है और अभी भी कितनी ऊँचाइयों को छूना बाकी है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि हम कितनी मजबूत हैं और हमें अपने अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहना चाहिए। यह हमारी शक्ति, साहस और योगदान को सम्मानित करने का दिन है, साथ ही समानता और सुरक्षा के लिए चल रहे संघर्ष को स्वीकार करने का भी। आज, हम अपनी शक्ति, साहस और अटूट जज्बे का जश्न मनाते हैं। आइए, एक साथ मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहाँ हर महिला सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।

### नेशनल लोक अदालत आज

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 8 मार्च को सम्पूर्ण देश में इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु माननीय विजय कुमार होता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय दंतेवाड़ा सुकमा, बीजापुर एवं बचेली न्यायालय के लिए कुल 8 खंडपीठ का गठन किया गया हैं।

## 195 वीं वाहिनी केरिपुबल ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

# ग्रामीणों को मिला कंबल, बर्तन कृषि उपकरण व अन्य सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दशकों से बस्तर के अबुझमाड़ के दूरदराज जंगलों में बसे गांव नक्सल गतिविधियों एवं नक्सली विचारधारा के केन्द्र बिन्दू रहे है। नक्सलियों ने बंदूक की नोक पर भोले भाले युवाओं एवं ग्रामीणों को खोखली हिंसात्मक नक्सली विचारधारा को अपनाने के लिए विवश किया। लोगों को पुलिस एवं सुरक्षा बलों के विरूद्ध खड़ा कर एक दिशाहीन खुनी संघर्ष को अंजाम दिया।

आपसी वैचारिक संघर्षो में कई निर्दोष ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया। लेकिन हाल के कुछ महीनों में केरिपुबल के 195 वीं वाहिनी ने माड़ एवं दंतेवाडा के

- **अधिकारी व जवानों ने ग्रामीणों के साथ बैठकर किया भोजन**

दूरदराज के ग्रामीणों के साथ बेहतर और सहयोगात्मक संबंध बनाकर बल के प्रति अटूट विश्वास कायम किया है जिससे नक्सलियों में घोर बेचैनी और निराशा है ग्रामीणों के साथ बेहतर सहयोग और उन्हे विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु 195 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ई. 195 बटा. द्वारा गीदम ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम छिंदनार में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों उनके दैनिक उपयोगी सामानों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के अनेक सामाग्री का ग्रामीणों में वितरण किया गया। जिसमें छिंदनार, तुमड़ीगुंडा, कौरगाँ, कोरलापाल, गुटोली, गुमलनार, छोटेकरका, पउरनार, चेरपाल, सालनार, तरलापाल, मुस्तलनार और तुमनार के काफी संख्या में पुरूषों महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को कंबल, बर्तन, कृषि सामाग्री, साइकिल, बच्चों को अध्ययन व खेल कूद आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 वीं वाहिनी ने ग्रामीणों के साथ अनुभव एवं विचारों को साझा करते हुए संबोधित किया। 195 वीं वाहिनी द्वारा इस कोर इलाके में विभिन्न अभियानों का सफलता पूर्वक परिचालन किया गया है। भारत सरकार के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विश्वास एवं विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। विधानसभाए लोकसभा एवं हाल में संपन्न पंचायत चुनावों में ग्रामीणों की अपूर्व भागीदारी एक सुरक्षित वातावरण का परिचायक तो है ही साथ ही ग्रामीणों की मुख्यधारा में जुड़ाव की व्याकुलता एवं समृद्दि की आकांक्षा का भी घोतक है। आज 195 बटालियन द्वारा तैयार किए गए सुरक्षित वातावरण में छिंदनार से पउरनार, तुमड़ीगुंडा, हांदावाड़ा की तरफ जानेवाले ग्रामीणों के लिए लगभग 01.01 किमी लंबे दो पूल पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुए है। सीआरपीएफ के सतत प्रयासों से छिंदनार, हांदावाड़ा पक्की सडक कार्य प्रगति पर है। गाँवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सफलतापूर्वक परिचालन, स्कूल, आश्रमों में छात्रों की बढ़ती प्रतिशतता एवं नए बाजारों को खुलना अबुझमाड़ की एक अलग कहानी कह रही है। इस अवसर पर 195 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उनके इस बदलते परिदृश्य पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार, सुभाष चंद प्रसाद, विक्रांत वर्मा, वागेश त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजीव कुमार यादव एवं हिमांशु के साथ बटालियन के कई जवान उपस्थित थे। 195 वीं वाहिनी अपने जिम्मेदारी के क्षेत्र में सहयोग एवं समृद्दि हेतु सतत प्रयत्नशील है।

## बारसूर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर में महिलाओं को जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा, भ्रुण हत्या, स्वच्छता, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा, लिंग आधारित हिंसा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई, इसके अलावा उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में जिसमें सुपरवाइजर सुश्री ऋषिका नेताम, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ शिवम कुमार नागरची, सखी वन स्टॉप से केस वर्कर रेखा राजपूत, प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, उपस्थित हुए।

## परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने क्या निरीक्षण। शुक्रवार को 10वी बोर्ड में तहसीलदार बस्तर की टीम द्वारा परीक्षा केंद्र सोनारपाल, भानपुरी, आमाबाल व मुंडगांव में छापामार कार्यवाही की गई। जॉली जेम्स तहसीलदार के निर्देशन में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी व व्याख्याता चंद्रभान मिश्रा सहित संकुल समन्वयक अश्विनी पांडेय टीम में शामिल थे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रशिक्षण में शामिल हुए बस्तर जिला से दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के द्वारा भिलाई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में गत 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **बच्चों की पढाई में प्रौद्योगिकी के महत्व को बढ़ावा देना**

जिसमें राज्य के प्रत्येक जिले से प्रशिक्षकों ने भाग लिया। माशा सेड़वा विकासखंड दरभा से राजकुमार वैभव एवं प्राशा साहुकारपारा विकासखंड बकावण्ड से जोगेन्द्र कुमार गंगबेर जिले से प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी के महत्व को बढ़ावा देना है। प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर से ही बच्चों में विज्ञान तथा गणित के प्रति रूचि उत्पन्न करना और उन्हें हमारे आसपास या हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान में कैसे शामिल है, उसको बताना है। आईआईटी के डायरेक्टर डा. राजीव प्रकाश एवं कोऑडिनेटर डा. महबूब आलम एवं राज्य परियोजना कार्यालय के प्रतिनिध के रूप में राजकुमार चापेकर उपस्थित रहे। अंत में विभाग वार भ्रमण कराकर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचान में मैदानी अमलों का योगदान महत्वपूर्ण : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वयक निगरानी समिति दिशा की बैठक जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुई बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत ने जिले में संचालित विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो से अवगत कराया। वहीं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा, राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधूनिकी कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन, प्रधानमंत्री कौशल विकास, जल संसाधन एवं वन विभाग सहित विभिन्न एजेंडा को संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धि से अवगत कराया। बीजापुर जिले के माओवादी क्षेत्रों में संचालित नियद नेल्लानार योजना के तहत विभिन्न नागरिक सुविधाओं एवं बुनियादि सुविधाओं के विस्तार में हो रही प्रगति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## पदोन्नति में देरी से नक्सलगढ़ के शिक्षक नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

बीजापुर जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग की पदोन्नति में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की मनमानी से वर्षो से प्रतीक्षा कर रहे सहायक शिक्षक ना केवल पदोन्नति से वंचित है, बल्कि उन्हें आर्थिक क्षति भी हो रहा है।

संयुक्त संचालक बस्तर के

- **शिक्षकों को आर्थिक रूप से हो रहा नुकसान**

आदेश पर कांकेर, बस्तर और सुकमा जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग की प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर जनवरी 2025 में पदोन्नति की गई। लेकिन बीजापुर जिला में संयुक्त संचालक बस्तर के आदेश के बावजूद प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति नहीं की जा रही है। जबकि नवम्बर-दिसम्बर में ही बीजापुर जिले के चारों ब्लॉक के खंड शिक्षा कार्यालय में पदोन्नति हेतु पात्र सहायक शिक्षकों से निर्धारित प्रारूप में गोपनीय चित्रावली और चल- अचल संपत्ति का प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया गया है। संपूर्ण औपचारिकता पूरी करने के बाद भी पदोन्नति को लंबित रखने से सहायक शिक्षकों में निराशा है। बस्तर, कांकेर सुकमा आदि जिले में 2010 बैच वाले भी प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बन गए, वही बीजापुर जिले में 2008 की नियुक्ति वाले सहायक शिक्षक एल बी आज 17 साल बाद भी पदोन्नति से वंचित है। बस्तर, कांकेर और अन्य जिले में 2010 में नियुक्ति वाले सहायक शिक्षकों का पदोन्नति उपरांत आज की स्थिति में कुल वेतन 60 हजार है। वही बीजापुर जिले में 2008 वाले सहायक शिक्षक एल बी सीनियर होने के बावजूद पदोन्नति नहीं मिलने से 10 हजार प्रति माह कम सैलरी पाते हैं। नक्सल प्रभावित दुर्गम इलाके में पदस्थ बीजापुर जिले के सहायक शिक्षकों का ना समय पर प्रमोशन हो रहा है ना ही उन्हें एरियस आदि का लाभ दिया जाता है। 18 जनवरी 2023 को तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने आदेश क्रमांक 3069 के तहत संविलियन से पूर्व पंचायत संवर्ग के शिक्षकों का लंबित एरियर्स भुगतान का आदेश दिया था। इस हेतु जिले के चारों बीईओ और 17 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आहरण संवितरण अधिकारियों को लगभग एक करोड़ का पुनराबंटन किया था। उक्त रकम संबंधितों के खाते में आज दो साल बाद भी जमा नहीं किया गया।

## ग्रामीणों को मिले दैनिक उपयोग के सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



241 बस्तरिया बटालियन केरिपु के एफ 241 बटालियन द्वारा 5 मार्च को ग्राम मावलीपदर, फुलपदर एंव कामानार थाना दरभा में सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत बटालियन द्वारा गांव के वद्वजनों, युवाओं, बच्चों एंव महिलाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार आवश्यक एंव दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्रियों का वितरण किया गया। जैसे कि साइकिल, टीवी, कम्बल, क्रिकेट, वॉलीबाल नेट, फुटबाल, फुटबाल नेट, बर्तन, फावड़ा, कड़ाई, बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स, कॉपी-किताब, साड़ी, गमछा, लुंगी, छप्पल, थाली, गिलास, सोलर लैम्प एंव लालटेन आदि का वितरण किया गया। जिसमें कामानार के अलावा छोटे मावलीपदर, फुलपदर, जोदरगुड़ा, पेडेगुड़ो एंव कुकड़ीपारा के स्थानीय ग्रामीणों ने सिविक एक्सन प्रोग्राम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सविता सिंह सहा. कमा. एफ 241 बटालियन के साथ जीडी दिनेश कुमार एंव जीडी तारकेश्वर नाथ पाण्डेय, रश्मित रावत, गुड्डू नाग संरपच छोटे मावलीपदर एंव सचिव दोहल्या भानडरी के अतिरिक्त ग्राम प्रधान एंव एफ 241 बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## कक्षा 5 के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर ब्लॉक के प्राथमिक शाला पटेलपारा भरनी में कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य और भाषणों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर प्रधान पाठक अनुराधा उइके, शिक्षिका लोमनी देवांगन, विद्यालय समूह के सदस्य, रसोइया और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा माहौल भावनात्मक और उल्लासपूर्ण रहा।

### शपथ पत्र

मैं अनंत राम कश्यप पिता श्री शंकर लाल कश्यप, उम्र 43 वर्ष, जाति धुरवा, निवासी ग्राम छिन्दावाड़ा क्रमांक 2 कावारास पारा, तहसील दरभा, जिला बस्तर छ.ग.। शपथ पूर्वक निम्न कथप व्यक्त करता हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2 यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम मानस कश्यप है। जो उसके जन्म पंजीकरण क्रमांक बी20252216296000018 एवं जारी दिनांक 25.02.2025 को ई जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जा चुका है। उक्त प्रमाण पत्र में मानस कश्यप उक्त नाम सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र मानस कश्यप के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मानस कश्यप दर्ज है। उक्त नाम सही है।
4. यह कि मेरे पुत्र मानस कश्यप के मूल आधार क्रमांक 9968 9055 1019 में विहान कश्यप दर्ज किया गया है। जो विहान नाम त्रुटि है।
5. यह कि मेरे पुत्र मानस कश्यप के मूल आधार क्रमांक 9968 9055 1019 में विहान कश्यप के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम मानस दर्ज किया जाकर पढ़ा लिखा व समझा जाये।
6. यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा इलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा इलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051
शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमारे यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।
ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव


बहन, बेटी, मां, पत्नी और दोस्त
बनकर निभाई जिम्मेदारी है
जग में है जीवन की ज्योति वो
उस शक्ति का नाम ही नारी है
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर सभी महिलाओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
आज हम महिला विकास से आगे महिला के नेतृत्व में विकास की बात कर रहे हैं। सामाजिक या आर्थिक, जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबका कर्तव्य है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हम उस परंपरा का हिस्सा हैं, जहां पुरुषों की पहचान नारियों से होती थी। यशोदा-नंदन, कौशल्या नंदन, गांधारी-पुत्र यही किसी बेटे की पहचान होती थी।
निशा नागवंशी
समाजसेवी एवं व्यवसायी
संस्थापक- निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन
इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर
निशा स्वर
वेलफेयर फाउंडेशन
प्रस्तुत करते है
पैसों की पाठशाला
एक वित्तीय साक्षरता सत्र जो विशेष रूप से खासकर महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि वे अपने वित्त को समझ सकें और अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें।
सुपर वुमन सुपर पावर
एक भव्य उत्सव, जिसमें लाइव प्रस्तुतियां और स्टॉल शामिल होंगे, जो उन महिलाओं के हुनर और उपलब्धियों को प्रदर्शित करेंगे, जिन्होंने बस्तर में अपनी पहचान बनाई है
बस्तर की नायिकाओं का सम्मान, महिला उद्यमियों का स्टॉल
लाइव म्यूजिकल बैंड परफॉर्मेंस
आदर्श तिवारी एण्ड बैंड
पॉज बैंड (रायपुर)
Adarsh Tiwari Live
PAUSE INDIA
शनिवार, 08 मार्च 2025
वीर सावरकर भवन, जगदलपुर
सेमिनार- दोपहर 3:00 बजे, कॉन्सर्ट- शाम 6:00 बजे से


अन्तर्राष्ट्रीय
महिला दिवस
के अवसर पर संपूर्ण
मातृशक्ति को मेरा प्रणाम!
कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है
वहां देवता निवास करते हैं....
समाज को संस्कार, विचार और आकार
प्रदान करने व राष्ट्र की उन्नति में
नारी शक्ति का योगदान वंदनीय है।
समाज व देश का गौरव बढ़ाने वाली
महिलाशक्ति को
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुमन भावसार
डायरेक्टर
संस्कार द स्मार्ट स्कूल, जगदलपुर
एनएमडीसी संस्कार द स्मार्ट स्कूल, नगरनार


महिलाओ के सम्मान, साहस, समानता,
सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को समर्पित
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
समस्त नारी शक्ति को नमन
8 मार्च
आज के परिप्रेक्ष्य में अगर हम विचार करें, तो हम पाते है कि आज की तारीख में महिलाएं पुरुषों से बहुत आगे निकल गई हैं। महिलाओं को जब-जब अवसर दिया गया, तब-तब उन्होंने पूरे विश्व को बता दिया कि वह पुरुष के बराबर ही नहीं, बल्कि कई मौकों पर वे उनसे कई गुना बेहतर साबित हुई हैं। आज विश्व पटल पर महिलाएं नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। अब वह समय नहीं रहा जब महिलाएं घर की चार दिवारी में बंद की जाती थी। अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। एक महिला होने के नाते महिलाओं के लिए एक खास दिन होना अच्छा लगता है जहाँ उन्हें सराहा और सम्मानित किया जा सके लेकिन मुझे लगता है कि महिला का सम्मान सिर्फ महिला होने के कारण ही नहीं होना चाहिए बल्कि इसलिए भी क्योंकि उनकी खुद अपनी व्यक्तिगत पहचान है।
सुश्री वीणा वासनिकर
(एस डी ओ)
पीडब्ल्यूडी-ई.एण्ड एम.


भारत में भी बेटियों को महत्व मिले परिवार और समाज में
उनके प्रति जागरूकता बढ़े, संवेदनशीलता बढ़े।
'महिला दिवस' पर हमारा एक ही भाव है।
महिला, वो शक्ति है, सशक्त है, वो भारत की नारी है,
न ज्यादा में, न कम में, वो सब में बराबर की अधिकारी है
अपनी सक्रिय भागीदारी से
नए भारत का निर्माण करने वाली
नारी शक्ति को
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस
पर नमन
श्रीमती दिव्या गौतम
(आई.एफ.एस.)
संचालक वन विद्यालय

## खबर संक्षेप

### बकावंड में हुई एनीमिया मुक्त कार्यशाला



जगदलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, बीईटीओ श्रीमती पद्मनी लाल सभी सेक्टर से सेक्टर सुपरवाइजर विशेष रूप शामिल रहे। साथ ही प्रशिक्षु में सभी आम से समस्त सीएचओ, आरएचओ महिला, पुरुष कार्यशाला में भाग लिए। जिसमें गर्भवती, शिशुवती महिलाएं किशोर बालक बालिकाओं में खून की कमी के कारण एवं निदान पर प्रशिक्षण संभागीय समन्वयक चरणजीत सिंह द्वारा दिया गया।

### शशिकांत बने ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष



जगदलपुर। ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ बस्तर जिला के पदाधिकारियों का चुनाव 5 मार्च को संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार पंड्या ने चुनाव संपन्न कराया। जिसमे सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए शशिकांत सिंह गौतम, उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मल कुमार सोनी, सचिव पद के लिए भारत लाल गुप्ता, संयुक्त सचिव पद के लिए राजेंद्र पांडेय और कोषाध्यक्ष पद के लिए जगत सिंह ठाकुर चुने गए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सरिता तिवारी तथा संजय कुमार दूबे चुने गए। गौतम ने बताया है कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य संख्या बढ़ाने और ज्येष्ठ नागरिकों का हित संवर्धन कैसे हो इस दिशा में काम करना होगा ताकि अधिकाधिक लोगों की समस्याओं का समाधान संगठन के माध्यम से हो सके।

### सीएमएचओ को निलंबित करने की मांग

जगदलपुर। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा ने हॉल ही में लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण चिकित्सा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन देकर बस्तर जिले के वर्तमान सीएमएचओ जो पूर्व में भी दंतेवाड़ा जिले में सीएमएचओ रहते हुए अनियमितता की। इसलिए संघ ने मांग की कि ऐसे अनियमितता करने वाले सीएमएचओ को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच करें, ताकि प्रदेश की जनता को ऐसे दागी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही से स्वच्छ छबि का संदेश जा सके। उक्त जानकारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने दी।

### शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला 3 करोड़ का पुरस्कार

जगदलपुर। बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा कि बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है।

राज्य नीति आयोग का सतत विकास लक्ष्य उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला

# टीम भावना के साथ करें बेहतर प्रदर्शन : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए टीम भावना के साथ मिलकर काम करना जरूरी है, जिससे निर्धारित सूचकांक पर बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास सहित पर्यावरणीय आयाम स्थापित करने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा वर्ष 2015 में अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए ठोस कदम तथा समावेशी आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है। जिला स्तर पर बेहतर रणनीति के साथ इन सेक्टरों में अच्छा कार्य और मॉनिटरिंग से ही आशातीत परिणाम हासिल किया जा सकता है। साथ ही धरातल पर बेहतर कार्य करने के लिए मैदानी अमले को निरन्तर मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कमिश्नर शुक्रवार को शासकीय गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावण्ड के आडिटोरियम में राज्य नीति आयोग के द्वारा आयोजित सतत विकास लक्ष्य उन्मुखीकरण संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

कमिश्नर ने इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बस्तर की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में कार्य करने की चुनौती को स्वीकार कर योजनाबद्ध ढंग से सकारात्मक प्रयास करने के लिए अधिकारियों को अभिप्रेरित करते हुए लक्ष्य हासिल किए जाने कहा। आरंभ में राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव श्री नीतू गौरडिया ने स्वागत उदबोधन में सतत विकास लक्ष्य उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सतत विकास लक्ष्यों को फ्रेमवर्क के आधार पर साझा प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसे हासिल करने के लिए संसाधनों का अधिक प्रभावी और समुचित उपयोग से लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलती है। वहीं लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित इंडीकेटर्स की नियमित मॉनिटरिंग करने पर ध्यान केंद्रीत करना होगा। उन्होंने लक्ष्यों को हासिल करने हेतु संस्थागत व्यवस्था की भी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला स्तर पर क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में राज्य नीति आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों ने पॉवर पाइंट प्रस्तुति के जरिए स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क, एसआईएफ बेसलाइन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट, डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया और डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क के आधार पर जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य के प्रचार-प्रसार सहित स्थानीयकरण के लिए कार्य, जिले में सतत विकास लक्ष्य के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कार्य, राज्य को डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क संकेतकों के लिए डेटा प्रदान किए जाने कहा गया। साथ ही कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदारी निर्धारित कर टीम में कार्य वितरण सहित सहयोगात्मक वातावरण में नवाचार और सृजनशीलता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।





#### नीति-निर्माण अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सकेगी

कार्यशाला में राज्य नीति आयोग की टीम ने सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। साथ ही सतत विकास लक्ष्यों के तहत राज्य में हो रहे प्रयासों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं बताया गया कि डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा प्रविष्टि, विश्लेषण और निर्णय-निर्माण को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया गया है, जिससे नीति-निर्माण अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सकेगी। इस दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंकाओं का भी समाधान किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बस्तर संभाग के सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# ट्रकों में बिना त्रिपाल के रेत, गिट्टी मुरूम परिवहन पर होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रेत, गिट्टी, मुरूम को ढंक कर करें परिवहन
- नो-पॉर्किंग व ओव्हरलोड वाहनों पर उड़नदस्ता कर रही सख्ती

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम वर्तमान में बस्तर संभाग के सभी सड़कों में नो-पॉर्किंग एवं ओव्हरलोड वाहनों पर सख्ती कर रही है। इसके अलावा ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से दूसरे वाहनों लोगों परेशानी हो रही है, ऐसे ट्रकों पर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है। लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई की जा रही है। साथ ही स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है, स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा।



#### कार्रवाई जारी

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। पहली बार जुर्माना किया जा रहा है और दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।

# सीएमएचओ ने किया सीएचसी तोकापाल व बड़े किलेपाल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पीएचसी के संचालन की कार्य विधि जानते हुए आ रही परेशानियों की ली जानकारी

स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक औचक निरीक्षण पर सीएचसी तोकापाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मावलीभाटा पहुंचे, जहां पर प्रभारी ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती सरिता बोदले ड्यूटी पर मौजूद रही। उन्होंने सेक्टर मावलीभाटा के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महेंद्र पांडे और चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीएल गावड़े को टेलिफोन से सूचना देकर पीएचसी बुलाया गया। उसके बाद सीएमएचओ द्वारा पीएचसी के संचालन की कार्य विधि जानते हुए आ रही परेशानियों की जानकारी ली। सरिता बोदले ने बताया कि पीएचसी स्तर पर कर्मचारियों की कमी होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है और हाईवे के किनारे होने के कारण महिला कर्मचारियों को रात्रि कालीन ड्यूटी करने में बाउंड्री वाल नहीं होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए पीएचसी की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने की मांग की, इस पर सीएमएचओ द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत सीएमएचओ सीएचसी बड़े किलेपाल के दौरे पर पहुंचे, जहां पर बीपीएम अर्जुन नेताम द्वारा सीएचसी में चल रहे क्रियाकलाप की जानकारी दी गई। इस अवसर पर निश्चय निरामया कार्यक्रम के तहत बड़े किलेपाल और आम तीर्थुम की कार्यकर्ताओं, सीएचओ द्वारा एक्सरे करवाने हेतु ले गए संभावित टीवी मरीजों से भेंट कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। लैब टेक्नीशियन से अब तक किए गए स्पूटम जांच की संख्या और एक्स-रे टेक्निशियन से एक्सरे की जानकारी ली। टीवी कार्यक्रम के एसटीएस से अब तक टीवी कार्यक्रम की उपलब्धि के बारे में जानकारी ली गई और अब तक हुए सभी मरीजों की जांच की ऑनलाइन एंट्री करने के बारे में बताया गया।



निरीक्षण में एनसीडी कार्यक्रम के जिला के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा और पीसीपीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. श्रेयांश जैन शामिल रहे। सीएमएचओ द्वारा सीएचसी तोकापाल का जायजा लेकर शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की उपलब्धी के बारे में बीएमओ डॉ. ऋषभ साव से जानकारी ली। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।

# एबीवीपी की निकली छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर विभाग के द्वारा बस्तर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शहरी सुविधाओं और शिक्षा के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य व बस्तर विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत के मार्गदर्शन में दो दिवसीय छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा बस्तर से निकला गया। इस यात्रा में दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा,बस्तर कोंडागांव और कांकेर से 121 विद्यालयीन छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शहरी शैक्षणिक संस्थाओं और शहरी जीवन से परिचित कराने का एक प्रयास था। इस छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा में विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में स्थित साइंस सेंटर में घुमाया गया। विधानसभा भवन के भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम से विद्यार्थियों का भेंट मुलाकात कराया गया। इस दौरान प्रदेश सहमंत्री मनीषा राणा, प्रांत जनजाति कार्य सह प्रमुख विकास कोड़े, कमला मौर्य, गौरव भवानी अश्विन पिल्ले, प्रथम फूटने, जितेश, रामजी, सुजल गुप्ता, अन्वित, पुनाव, गोविंद, टेमन, मेहुल, दिशा, निखिल समेत अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरी बार बनी भाजपा की पार्षद रोशन का ध्यान नहीं

# महेन्द्र कर्मा वार्ड की नालियों में भरा है कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के महेन्द्र कर्मा वार्ड की भाजपा पार्षद रोशन सिसोदिया दूसरी बार चुनी गई है। उनके वार्ड के मुख्य सड़क की नालियां कचरों से भरी पड़ी है। चुनाव जितने के बाद साफ सफाई के लिए न पार्षद और न ही सफाई कर्मचारी नजर आ रहें हैं ऐसा वार्डवासियों का कहना है। हरिभूमि ने एफसीआई गोदाम के बगल से बंगीय समाज दुर्गा मण्डप की ओर जाने वाली सड़क का शुक्रवार को जायजा लिया जहां बड़ी नाली में प्लास्टिक की बोतलें, कूड़ा करकट और गंदगी भरी हुई थी।

लोगों ने बताया कि जब मुख्य मार्ग की नाली का यह हाल है तो वार्ड के अंदर के ईलाके में सफाई की स्थिति कैसी होगी यह समझा जा सकता है जबकि महिला पार्षद को दूसरी बार जनता ने विश्वास कर जिताया है। गौरतलब है कि महापौर संजय पांडेय स्वच्छता को पहली प्राथमिकता देकर नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाकर नंबर वन में लाना चाहते है लेकिन उनके ही पार्टी के पार्षद का उन्हें सहयोग नहीं मिल रहा है। प्रदेश में सरकार होने से जनता ने दिल खोलकर भाजपा को न केवल जिताया बल्कि इस उम्मीद के साथ वोट दिया कि वह विकास की गति को तेज करेगा। पिछले दो कार्यकाल में कांग्रेस की नगर में सरकार रही इसलिए इस बार जनता का समर्थन भाजपा को मिला, चुनाव जितते ही पार्षद वार्ड में जनता की समस्या सुनने के लिए सड़क और गलियों में नजर नहीं आ रहे है ऐसे में महापौर का सपना कैसे पूरा होगा यह सोचने वाली बात है।



# आयुष स्वास्थ्य शिविर में हुआ ग्रामीणों का उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्रामीण, महिला, बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण के साथ दी गई दवा

आयुष रायपुर संचालनालय के आदेशानुसार आयुष ग्राम नेतानार में 6 से 12 मार्च तक सुबह 10 बजे से सायंकालीन 5 बजे तक सात दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर नूतनपाल, बास्तानार आदि स्थानों में किया जा रहा है, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीनस्थ बस्तर जिला में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) संचालित एवं पंजीयन प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं में तथा समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित वृद्धाश्रम, देख-रेख, घरौंदा, दिव्यांग स्कूल, महाविद्यालय में किया जा रहा है। शिविर में आसपास के ग्रामीण, महिला, बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण देकर औषधि दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि इस सम्बंध में बताया कि जिले में आयुष विभाग की ओर से आयोजित शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, चर्मरोग, स्त्री रोग एवं अन्य सभी रोगों का उपचार किया जा रहा है।

# जनता के सुझाव पर शहर का करेंगे चहुंमुखी विकास : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सफाई कर्मचारियों की ली बैठक, सामूहिक सहभागिता पर दिया बल

पदभार ग्रहण करने के बाद पहली मर्तबा शुक्रवार को महापौर संजय पाण्डे नगर निगम कार्यालय में सफाई कर्मचारियों की बैठक लेकर शहर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने सामूहिक सहभागिता पर बल दिया। साथ ही उनसे सहयोग की अपील की। अनुपस्थित कर्मचारियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



महापौर ने कहा कि स्वच्छता के साथ ही शहर का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। सुबह व शाम दोनों समय कचरा का संग्रहण किया जाए। सफाई कर्मचारियों से काम में कसावट लाने को कहा। शहर के मेन रोड में विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। वन टू वन कर्मचारियों से पूरे शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी भी उन्होंने ली। संजय ने कहा अपने-अपने वार्डों में पार्षद की सक्रियता हो। जनता के सुझावों के साथ शहर का चहुंमुखी विकास करेंगे। जनता में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही निगम में भाजपा की सरकार बनी है। जनता के उम्मीद पर खरा उतरना है। संजय पाण्डे ने सभी दरोगा को सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा शहर के विकास में सभी पार्षदों को महापौर के रूप में मेरा सहयोग रहेगा। सब मिलकर शहर के विकास के लिए काम करेंगे। बैठक में पार्षद पितामह नायक, हरीश पारख, हेमंत श्रीवास, दरोगा, मेट सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।




